भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 831

उत्तर देने की तारीख: 09.02.2022

दीक्षा और स्वयं प्रभा

831 **श्रीमती फूलो देवी नेतमः**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार 'दीक्षा' पहल में भाग लेने वाले छात्रों के संबंध में लिंग-आधारित आंकडे रखती है;
(ख) यदि हाँ, तो इसकी स्थापना वर्ष से आज की तारीख तक छात्रों का लिंग के आधार पर विभाजन कितना-कितना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या 'दीक्षा' एप्लिकेशन और 'स्वयं प्रभा' के माध्यम से चलाए जा रहे मौजूदा कार्यक्रमों के अंतर्गत इन कार्यक्रमों के कार्य-प्रदर्शन की निगरानी के लिए कोई प्रभाव मूल्यांकन कार्यनीति मौजूद है; और
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) और (ख) : दीक्षा का औसत पेज हिट 5+ करोड़ है, जिसका विस्तार अब तक लाइव होस्ट किए गए 2.44 लाख ई-कंटेंट के साथ 5340+ करोड़ अधिगम मिनट है। 1 अप्रैल 2020 से दीक्षा पर पेज हिट 2,821+ करोड़ है, जिससे कुल अधिगम सत्र 449+ करोड़ हो गए हैं। दीक्षा सभी नागरिकों के लिए एक नि:शुल्क ओपन एक्सेस रिपॉजिटरी है। संसाधनों तक पहुँचने के लिए दीक्षा प्लेटफॉर्म पर छात्र पंजीकरण अनिवार्य नहीं है।

(ग) और (घ) : पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक से जुड़ी डिजिटल सामग्री को दीक्षा के माध्यम से क्यूआर (त्वरित प्रतिक्रिया) कोड के माध्यम से प्रसारित किया जाता है जिसे एनर्जाइज्ड टेक्स्टबुक (ईटीबी) कहा जाता है। कई राज्य अधिगम स्तर में बाल-वार सुधार और अधिगम

परिणामों की उपलब्धि को ट्रैक करने के लिए समय-समय पर आकलन करते हैं। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर, राज्यों के कार्य-निष्पादन की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन कार्यनीति तैयार और कार्यान्वित की जाती है।

सतत क्षमता विकास के लिए दीक्षा पर शिक्षकों के कार्यक्रम जैसे निष्ठा (स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र प्रगति के लिए राष्ट्रीय पहल) - एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण (प्रारंभिक, माध्यमिक और एफएलएन (बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान)) शुरू किया गया है। प्रतिभागियों की प्रभावशीलता और अधिगम सुनिश्चित करने के लिए, योग्यता-आधारित प्रमाण पत्र केवल उन प्रतिभागियों को प्रदान किए जाते हैं जो पाठ्यक्रम मूल्यांकन में 70% या उससे अधिक अंक प्राप्त करते हैं। उपयोगकर्ता के व्यवहार को समझने और सामग्री के प्रसार में भी सुधार करने के लिए, अनेक राज्य सामग्री पर व्यय किए गए औसत समय और उपयोगकर्ता द्वारा की गई रेटिंग और प्रतिक्रिया टिप्पणियों का विश्लेषण करते हैं। पाठ्यक्रमों की समयबद्ध पहुंच और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए, राज्य अंतिम चरण तक पहुंचने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर ऑन-ग्राउंड समन्वयकों के साथ डाटा डैशबोर्ड परिचालित करते हैं।

*****